इतना बता दे हमको सांवरा क्यूं परिवार ये टूटता है

इतना बता दे हमको सांवरा,
क्यूं परिवार ये टूटता है,
पैसों की खातिर एक भाई,
भाई से ही रूठता है,
इतना बता दे हमको साँवरा,
क्यूं परिवार ये टूटता है।**lbd।**

तर्ज – कसमें वादे प्यार वफा।

बचपन में क्या प्यार था इनमें,
एक दूजे पे मरते थे,
माँ मेरी है बाप है मेरा,
बस इस बात पे लड़ते थे,
अब पैसों के आगे इनको,
और कोई ना भाता है,
इतना बता दे हमको साँवरा,
क्यूं परिवार ये टूटता है।**lbd।**

भाई बहन के प्यार की जग मे,
लोग मिसालें देते थे,
द्रोपदी और कान्हा के जैसा,
रिश्ता है ये कहते थे,
अब राखी के दिन ही हमको,
याद ये रिश्ता आता है,
इतना बता दे हमको साँवरा,
क्यूं परिवार ये टूटता है।**lbd।**

रिश्तों से बढ़ कर के है क्या,
पैसा कोई बतलाये,
इन पैसों से एक तो सच्चा,
प्यार खरीद के दिखलाये,
फिर पैसो के बल पे इतना,
क्यों कोई इतराता है,
इतना बता दे हमको साँवरा,
क्यूं परिवार ये टूटता है।**lbd।**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

विनती है " Sanjay " की तुझसे,
कुछ तो ऐसा कर जाओ,
जुड़ जाए परिवार ये फिर से,
ऐसा प्यार जगा जाओ,
देख के ऐसा हाल प्रभु मेरा,
दिल ये हर पल रोता है,
इतना बता दे हमको साँवरा,
क्यूं परिवार ये टूटता है।bd।

इतना बता दे हमको सांवरा,
क्यूं परिवार ये टूटता है,
पैसों की खातिर एक भाई,
भाई से ही रूठता है,
इतना बता दे हमको साँवरा,
क्यूं परिवार ये टूटता है।bd।

Writer & Singer : Sanjay Agrawal
Raigarh (C.G.) 8109459555
Send By : Pardeep Singhal (Jind Wale)
9210016948

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com